दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल



संपादकीय

## भारत विरोधी गतिविधियों को संरक्षण

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हिंदू मंदिर के पास हुई हिंसा को अस्वीकार्य बताया है। लेकिन उनकी जिम्मेदारी सिर्फ इसी से पूरी नहीं हो जाती। उन्हें इस शिकायत को दूर करना चाहिए कि कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियों को संरक्षण दिया गया है।

कनाडा में सडक़ों पर भारतीय मूल के लोग मजहबी पहचान के आधार पर लडऩे-भिडऩे लगें, तो समझा जा सकता है कि वहां स्थिति कितनी खतरनाक बन गई है। वैसे भी गुजरे सवा साल में भारत- कनाडा के कूटनीतिक संबंधों में बढ़ी टकराहट ने वहां रहने वाले लाखों भारतवंशियों को आशंकित कर रखा है। रविवार को इसमें नया अध्याय जुड़ा, जब ब्रैम्पटन में एक हिंदू मंदिर के बाहर खालिस्तान समर्थक सिख पहुंच गए, जब वहां भारतीय वाणिज्य दूतवास का शिविर लगा हुआ था। खालिस्तान समर्थकों की नारेबाजी पर हिंदू समुदाय के लोगों ने आपत्ति की, जिस पर झगड़ा शुरू हो गया। कनाडा पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जो सभी हिंदू समुदाय के हैं।

इस घटनाक्रम ने भावनाओं में और उबाल ला दिया है। घटना पर पहले कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग, फिर भारतीय विदेश मंत्रालय, और बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बयान जारी किया। मोदी ने कहा- "मैं कनाडा में हिंदू मंदिर पर जानबूझ कर किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हमारे राजनयिकों को डराने के कायरतापूर्ण प्रयास भी उतने ही भयावह हैं।" इसके पहले भारतीय उच्चायोग ने "भारत विरोधी तत्वों के हमले" की निंदा की थी। स्पष्ट है, भारत सरकार ने घटना को बेहद गंभीरता से लिया है। बहरहाल, प्रमुख मुद्दा यह है कि कनाडा में भारतवंशियों के बीच ऐसे विस्फोटक हालात क्यों बनते जा रहे हैं और अब समाधान क्या है?

क्या कनाडावासी भारतीय मूल के लोगों में फिर से आपसी संवाद कायम करना संभव है, ताकि मतभेदों के बावजूद वे हिंसा का शिकार ना बनें? ऐसे प्रयासों में दोनों देशों की सरकारों की प्रमुख भूमिका होनी चाहिए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ब्रैम्पटन में हिंदू मंदिर के पास हुई हिंसा को अस्वीकार्य बताते हुए शांति की अपील की है। लेकिन उनकी जिम्मेदारी सिर्फ इसी से पूरी नहीं हो जाती। उन्हें भारतवंशियों के मन में बैठी इस शिकायत का समाधान निकालना चाहिए कि उनकी सरकार कनाडा में भारत विरोधी गतिविधियों को संरक्षण देती है। उधर भारत सरकार से अपेक्षा है कि वह सभी समुदायों की तरफ बोले और कनाडा में सामुदायिक शांति के पक्ष में समझौताविहीन संदेश दे।

## भारत में लिथियम-आयन बैटरी की मांग वित्त वर्ष 2030 तक बढ़कर हो जाएगी 127 गीगावाट घंटा

नई दिल्ली



भारत ने 2030 तक अपनी प्राथमिक ऊर्जा आवश्यकता का 50 प्रतिशत अक्षय ऊर्जा से पूरा करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इसी के साथ देश में लिथियम-आयन बैटरी की मांग वित्त वर्ष 2027 तक 54 गीगावाट घंटे (जीडब्ल्यूएच) और वित्त वर्ष 2030 तक 127 गीगावाट घंटे तक तेजी से बढऩे की उम्मीद की जा रही है।

वर्तमान में, 15 गीगावाट घंटे की घरेलू लिथियम-आयन बैटरी भंडारण मांग लगभग पूरी तरह से लिथियम-आयन सेल और बैटरी के आयात से पूरी की जाती है।

भारत अपनी लिथियम आयन बैटरी की जरूरत आयात से पूरी करता है। केयरएज रेटिंग्स को उम्मीद है कि देश की बैटरी को लेकर यह आयात जरूरत वित्त वर्ष 2027 तक घटकर 20 प्रतिशत रह जाएगी। हालांकि, लिथियम आयन बैटरी स्टोरेज के लिए बड़े पैमाने पर इंटीग्रेटेड कैपेसिटी पैदा करने की वजह से मांग में तेजी जारी रहेगी।

रिपोर्ट में बताया गया है कि मांग में वृद्धि मुख्य रूप से ईवी के प्रवेश में वृद्धि और बिजली ग्रिड के डीकार्बोनाइजेशन से प्रेरित है, जिसे केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की महत्वाकांक्षी सरकारी लक्ष्यों और नीतियों/प्रोत्साहनों से समर्थन मिला है।

सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण योजना (एफएएमई), बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लिए वीडीएफ योजना पर ध्यान दे रही है, जिससे ईवी और बीईएसएस की लागत कम करने में मदद मिली है, जिससे मांग को बढ़ावा मिला है।

केंद्र ने 2030 तक वार्षिक बिक्री के प्रतिशत के रूप में 30 प्रतिशत ईवी प्रवेश दर हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

भारत ने पहले ही पीएलआई योजना के तहत 40 गीगावाट घंटा इंटीग्रेटेड बैटरी कैपेसिटी आवंटित की है, शेष 10 गीगावाट घंटा जल्द ही आवंटित किए जाने की उम्मीद है।

इसके अतिरिक्त, भारत में मौजूदा पारंपरिक बैटरी निर्माता और कुछ अन्य कंपनियों से योजना के बाहर बैटरी क्षमता स्थापित करने की उम्मीद है।

केयरएज रेटिंग्स के निदेशक हार्दिक शाह ने कहा कि भारत में लिथियम-आयन बैटरी स्टोरेज की मांग में वृद्धि होने की उम्मीद है, जो मुख्य रूप से ईवी और रिन्यूएबल एनर्जी स्टोरेज से जुड़ी जरूरतों की ओर माइग्रेशन से जुड़ी है।

इसके परिणामस्वरूप, भारत में गीगा-साइज इंटीग्रेटेड बैटरी कैपेसिटी आने के कारण, आयात पर भारत की निर्भरता वर्तमान में लगभग पूर्ण निर्भरता से वित्त वर्ष 27 तक तेजी से घटकर 20 प्रतिशत हो जाने की उम्मीद है।

## अक्टूबर में भारत में दोपहिया वाहनों की बिक्री ने बनाया रिकॉर्ड, 21.64 लाख यूनिट पहुंचा आंकड़ा

नई दिल्ली

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल अक्टूबर में देश में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री 14.2 प्रतिशत बढक़र 21.64 लाख यूनिट हो गई, जबकि अक्टूबर 2023 में यह आंकड़ा 18.96 लाख यूनिट था।

कार और एसयूवी को मिलाकर यात्री वाहनों की बिक्री भी अक्टूबर में बढक़र 3.93 लाख यूनिट के अपने उच्चतम मासिक स्तर पर पहुंच गई, जो अक्टूबर 2023 के 3.9 लाख यूनिट के उच्च आधार आंकड़े से 0.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, अक्टूबर 2024 में दो प्रमुख त्योहार दशहरा और दीपावली थे, दोनों एक ही महीने में पड़े, जो उच्च उपभोक्ता मांग बढ़ावा देने की वजह बने। इससे ऑटो इंडस्ट्री की परफॉर्मेंस को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला।

यात्री वाहनों (पीवी) ने अक्टूबर 2024 में 3.93 लाख यूनिट की अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की, जो 0.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ पिछले अक्टूबर के उच्च आधार पर है।

यह उच्च वृद्धि वाहन व्हीकल रजिस्ट्रेशन डेटा में भी दिखी, जिसमें अक्टूबर 2023 की तुलना में अक्टूबर 2024 में यात्री वाहनों और दोपहिया वाहनों दोनों के रजिस्ट्रेशन में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई।

मेनन के अनुसार, हालांकि, पिछले साल के अक्टूबर की तुलना में तिपहिया वाहनों की बिक्री में मामूली 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई। यह बिक्री अक्टूबर 2024 में 0.77 लाख यूनिट रही। पिछले अक्टूबर की तुलना में रजिस्ट्रेशन में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

बाजार विश्लेषकों का मानना है कि दोपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि का श्रेय ग्रामीण आय में वृद्धि को जाता है क्योंकि इस साल सामान्य मानसून के कारण फसल की पैदावार बेहतर हुई, जिसके परिणामस्वरूप कृषि क्षेत्र में आय में वृद्धि हुई।र

## आईपीएल में 7.50 करोड़ पाने वाले स्टार क्रिकेटर के आए बुरे दिन

**नईदिल्ली।** आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन के लिए 1574 खिलाडिय़ों ने अपना नाम ड्राफ्ट किया था, लेकिन फ्रेंचाइजियों ने मिलकर 574 प्लेयर्स को शॉर्टलिस्ट किया है. इस बार नीलामी में कई बड़े नाम आ रहे हैं, जिससे टीमों के पास ऑप्शंस की कमी नहीं रहने वाली है. ऐसे में नीलामी में कई ऐसे खिलाड़ी अनसोल्ड रहने वाले हैं, जो कभी टीमों की रिटेंशन लिस्ट का हिस्सा हुआ करते थे. आज हम आपको एक ऐसे ही सलामी बल्लेबाज के बारे में बताने वाले हैं, जिसे पिछले सीजन तक सैलरी में 7.50 करोड़ रुपये मिलते थे, लेकिन अब उन्हें खरीददार मिलना भी मुश्किल है.

दिल्ली कैपिटल्स ने अपने सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को रिलीज कर नीलामी में भेज दिया है. शॉ 2018 से आईपीएल का हिस्सा हैं और वह 6 सालों से दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेले हैं. आईपीएल 2022 मेगा ऑक्शन में दिल्ली ने 7.5 करोड़ रुपये के साथ शॉ को रिटेन किया था, क्योंकि वह उनकी कोर टीम का हिस्सा थे. लेकिन, अब वक्त के साथ चीजें बदलीं और अब दिल्ली ने उन्हें ऑक्शन में भेज दिया है.

## 20 प्रतिशत आईटी निर्णयकर्ताओं को एआई और मशीन लर्निंग टैलेंट को खोजने में आती है परेशानी : रिपोर्ट

नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस युग में पांच में से एक आईटी निर्णयकर्ता को एआई और मशीन लर्निंग से जुड़े टैलेंट को खोजने में परेशानी आती है। लेटेस्ट रिपोर्ट एडवांस स्किल जैसे एआई और मशीन लर्निंग से जुड़े टैलेंट को लेकर एक बड़ी कमी को उजागर करती है। ट्रांसफॉर्मेटिव लर्निंग एक्सपीरियंस प्लेटफॉर्म स्किलसॉफ्ट की रिपोर्ट से पता चला है कि आईटी निर्णयकर्ता साइबर सिक्योरिटी और इंफोर्मेशन सिक्योरिटी जैसी भूमिकाओं की हायरिंग के लिए भी परेशानी झेल रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एआई/एमएल आईटी निर्णयकर्ताओं के लिए शीर्ष निवेश प्राथमिकता बनी हुई है क्योंकि वे लगभग 30 दक्षताओं में टीम के सदस्यों के बीच इस स्किल सेट को सबसे कम रैंक देते हैं।

5,100 से अधिक वैश्विक आईटी निर्णयकर्ताओं और पेशेवरों पर आधारित वार्षिक रिपोर्ट, आईटी उद्योग की स्थिति की जांच करती है और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल रखने के लिए कार्यबल को अपस्किलिंग और रीस्किलिंग की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। लगभग 65 प्रतिशत आईटी निर्णयकर्ताओं ने कहा कि उनकी टीमों में कौशल (स्किल) की कमी है, जबकि 72 प्रतिशत मौजूदा प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें दूर करने की योजना बना रहे हैं। स्किलसॉफ्ट की मुख्य सूचना अधिकारी ओरला डेली ने कहा, इस वर्ष ने यह दिखाया है कि जब टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री की बात आती है, तो परिवर्तन और निरंतर अनुकूलन की आवश्यकता होती है।हमारी रिपोर्ट वर्तमान संगठनात्मक प्राथमिकताओं और कौशल आवश्यकताओं पर प्रकाश डालती है। साथ ही रिपोर्ट इस बारे में बताती है कि लीडर्स और आम व्यक्ति बेहतर व्यावसायिक परिणाम प्राप्त करने के लिए सीखने के अवसरों को कैसे अपना सकते हैं। डेली ने आगे कहा, एआई टेक्नोलॉजी वर्कप्लेस में इस्तेमाल होती जा रही है। इसी के साथ साइबर सिक्योरिटी टैलेंट और लीडरशिप स्किल की मांग बढ़ रही है। यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि संगठन कौशल निर्माण के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाएं। इसमें न केवल समग्र प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निवेश करना शामिल है, बल्कि नए कौशल को व्यवहार में लाने के अवसरों के साथ निरंतर सीखने और इनोवेशन को बढ़ावा देना भी शामिल है।

## मेगा ऑक्शन में उतरे हैं ये 6 धाकड़ तेज गेंदबाज, हर एक को मिलेंगे 15 करोड़ से ज्यादा!

नईदिल्ली



आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में होने वाला है, जिसका हर क्रिकेट फैन बेसब्री से इंतजार कर रहा है. नीलामी में बेहतरीन बल्लेबाज, तेजतर्रार विकेटकीपर्स, घातक स्पिनर्स और तूफानी तेज गेंदबाज हिस्सा लेने वाले हैं. इस आर्टिकल में हम आपको 6 ऐसे पेसर्स के बारे में बताने वाले हैं, जिन्हें नीलामी में बड़ी रकम मिलना तय है, क्योंकि ये सारे ही बड़े नाम हैं और अपनी काबिलियत को साबित कर चुके हैं.

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क का आता है. मेगा ऑक्शन के लिए स्टार्क ने अपना नाम 2 करोड़ रुपये की बेस प्राइस पर रजिस्टर कराया है. स्टार्क आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी भी हैं. सीजन 2024 के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें रिकॉर्ड 24.75 करोड़ रुपये देकर अपने साथ जोड़ा था.

34 साल के स्टार्क ने केकेआर को विजेता बनाने में अहम रोल प्ले किया और 14 मैचों में 17 विकेट चटकाए. आईपीएल के 41 मैचों में उनके नाम पर कुल 51 विकेट दर्ज हैं. इस बार ऑक्शन में मिचेल की बोली 15 करोड़ के पार जाएगी.

लिस्ट में अगला नाम पंजाब किंग्स के एक और खिलाड़ी अर्शदीप सिंह का आता है. भारत को इस साल टी20 वर्ल्ड कप जीताने में अर्शदीप का अहम रोल था, लेकिन फिर भी प्रीति जिंटा की टीम ने उन्हें रिटेन नहीं किया. आईपीएल 2024 में भी तेज गेंदबाज ने कुल 19 शिकार किए थे.2019 से आईपीएल खेल रहे अर्शदीप सिंह का बेस प्राइस भी 2 करोड़ रुपये हैं और उनको भी ऑक्शन में मोटी रकम मिल सकती है.

लिस्ट में दूसरा नाम साउथ अफ्रीकी पेसर कगीसो रबाडा का आता है. रबाडा को टी20 क्रिकेट खेलना काफी पसंद है और उनका बेस प्राइस भी 2 करोड़ रुपये हैं. रबाडा 2017 से आईपीएल खेल रहे हैं.

पिछले साल वो पंजाब किंग्स से खेले थे, लेकिन इस बार टीम ने उन्हें रिटेन नहीं किया. रबाडा ने 80 आईपीएल मैचों में 22 से भी कम की औसत से कुल 117 विकेट लिए हैं.कगिसो पंजाब किंग्स से पहले दिल्ली कैपिटल्स के लिए भी खेल चुके हैं.

## शुभमन गिल के बाहर होने के बाद इन 3 खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका

### 0-नंबर-3 होगा बेस्ट रिप्लेसमेंट

**नईदिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जाने वाली बॉर्डर-गावस्कर सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला जाने वाला है. लेकिन, इससे पहले शुभमन गिल इंजरी के चलते पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं. ऐसे में सवाल उठता है कि गिल के बाद नंबर-3 पर बल्लेबाजी कौन करेगा? तो आइए आपको उन 3 खिलाडिय़ों के बारे में बताते हैं, जो गिल के रिप्लेसमेंट के तौर पर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं.

शुभमन गिल के रिप्लेसमेंट के तौर पर केएल राहुल को चुना जा सकता है. केएल के पास ऑस्ट्रेलिया में खेलने का काफी अनुभव भी है. ऑस्ट्रेलिया की मुश्किल परिस्थितियों में केएल का अनुभव टीम इंडिया के काम आ सकता है. राहुल काफी फ्लेक्सिबल हैं और वह नंबर-3 पर भी बल्लेबाजी कर रन बनाने की काबिलियत रखते हैं. वैसे भी तीसरे नंबर पर एक ऐसा बल्लेबाज चाहिए, जो कंगारू गेंदबाजों पर दबाव डालकर क्रीज पर डटा रहे और पारी को आगे बढ़ाए. शुभमन गिल को अंगूठे के फ्रेक्चर के चलते 14 दिन का आराम दिया गया है. नतीजन, अब पर्थ टेस्ट के लिए टीम इंडिया को रिप्लेसमेंट की जरूरत है. टीम में शामिल विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को भी गिल की जगह मौका दिया जा सकता है. भले ही जुरेल के पास सिर्फ 3 टेस्ट मैच खेलने का अनुभव हो, लेकिन उनके पास वो काबिलियत है, जिससे वह टीम के लिए अहम साबित हो सकते हैं.

सरफराज खान ने अब तक 6 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 37 के औसत से 371 रन बनाए हैं. उनकी तूफानी बल्लेबाजी भारतीय टीम के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है. शुभमन गिल के रूल्ड आउट होने के बाद सरफराज को पर्थ टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में मौका मिल सकता है, क्योंकि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से काबिलियत साबित की है.

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय स्क्वॉड: रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतीश कुमार रेड्डी.

## आज का राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन अच्छा गुजरेगा और मन शांत रहेगा। आज छोटी-छोटी बातों में खुशी तलाश कर पायेंगे। जमीन- जायदाद के मामलों आज फैसला आपके पक्ष में आयेगा। आज आपके विरोधी भी आपके सामने दोस्ती का हाथ आगे बढ़ायेंगे।

**वृष:** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आज आपकी कलात्मक क्षमता का विकास होगा। आज आप खुद तो गौरवानवित महसूस करेंगे। अगर आप कास्मेटिक का बिजनेस शुरु करना चाह रहे हैं तो उसके दिन आज का दिन उत्तम है।

**मिथुन:** आज आपका दिन नॉर्मल रहेगा। आज आपको कार्यक्षेत्र में पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज आप हर स्थिति में अपना भावनात्मक संतुलन बनाने की कोशिश करेंगे और इसमें सफल भी रहेंगे।

**कर्क:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी बड़ी डील या पार्टनरशिप को करने से पहले सोच-समझकर आगे बढऩे की जरुरत है। घरवालों के साथ किसी बात को लेकर मन-मुटाव हो सकता है। आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरुरत है।

**सिंह:** आज आपका दिन अच्छा गुजरेगा। धन संबंधी दिक्कतों का आज आप आसानी से हल निकाल लेंगे। उधार दिये हुये पैसे आज आपको वापस मिल सकते हैं। घरवालों के साथ समय बितेगा। परिवार में आपकी इज्जत बढ़ेगी।

**कन्या:** आज आपका दिन उम्मीद से ज्यादा अच्छा रहने वाला है। आज आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे वहां सफलता आवश्य ही आपके कदम चूमेगी। अगर आप छोटे स्तर पर कोई व्यापार शुरु करना चाहतें हैं तो उसके लिये आज का दिन उत्तम है।

**तुला:** आज आपका दिन समान्य बना रहेगा। छात्रों को पढ़ाई में आज और ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। मेहनत का परिणाम मिलने में अभी देरी है। जो लोग प्लॉस्टिक के व्यापार से जुड़े हैं उनको बिजनेस में उम्मीद से ज्यादा तरक्की मिलेगी।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज करियर में तरक्की के रास्ते खुलेंगे। हर जगह आपकी प्रसंशा भी होगी। आज कोई छोटा उद्दोग शुरु करने के लिये दिन उत्तम है। घरवालों का पूरा-पूरा सहयोग आपको मिलेगा।

**धनु:** आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आप किसी सामाजिक कार्य का हिस्सा भी बन सकते हैं। ऑफिस में आपके जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे।

**मकर:** आज आपका दिन सही रहेगा। आज घरवालों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का मौका मिलेगा। बच्चों के साथ कहीं पार्क घूमने जाने का प्लॉन बना सकते हैं। शिक्षण के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज तरक्की के नये अवसर मिलेंगे।

**कुंभ:** आज आपका दिन बहुत ही बेहतरीन रहने वाला है। आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आज आपको अचानक से कुछ ऐसा हासिल हो सकता है जिसकी आपको बहुत दिनों से तलाश थी।

**मीन:** आज आपका दिन ठीक-ठाक बना रहेगा। खुद को आर्थिक रुप से मजबूत बनाने की योजनाओं में सफल रहेंगे। कोर्ट-कचहरी के अंदर लंबे समय से चल रहे मामलों में आज फैसला आपके पक्ष में आ सकता है।

## कुबेर की पहली झलक आई सामने, धनुष-नागार्जुन की जोड़ी ने मचाया धमाल




धनुष-नागार्जुन की मोस्ट अवेटेड कुबेर की पहली झलक फाइनली सामने आ गई है. इसमें रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ को भी देखा जा सकता है. कुबेर में धनुष, रश्मिका मंदाना, नागार्जुन अक्किनेनी और जिम सर्भ जैसे टैलेंटेड कलाकार हैं. फिल्म 31 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. उसके पहले मेकर्स फिल्म से अपडेट शेयर करते हुए फैंस की एक्साइटमेंट बरकरार रख रहे हैं. अभी तक मेकर्स ने फिल्म के पोस्टर ही रिलीज किए थे लेकिन अब उन्होंने 51 सेकंड का शानदार वीडियो शेयर करते हुए फिल्म से पहली झलक फैंस को दिखा दी है.

दर्शक कुबेर की पहली झलक का लंबे वक्त से इंतजार कर रहे थे वहीं अब इसकी झलक सामने आ गई है. जिसमें धनुष और नागार्जुन कमाल के लग रहे हैं. हालांकि उनके एक्सप्रेशन और लुक इंटेंस ही हैं लेकिन स्क्रीन पर उनकी प्रेजेंस जादू बिखेर रही है. इसी बीच रश्मिका मंदाना और पद्मावत में अपनी एक्टिंग से सबका दिल जीतने वाले जिम सर्भ का लुक भी कमाल का लग रहा है.

धनुष की आने वाली फिल्म कुबेर अनाउंसमेंट के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई है. शेखर कम्मुला निर्देशित यह फिल्म 31 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. उसके पहले हाल ही में मेकर्स ने गणेश चतुर्थी के शुभ दिन पर मोस्ट अवेटेड फिल्म का पोस्टर रिलीज किया था.

## केजीएफ के मेकर्स की नई फिल्म महावतार नरसिम्हा का एलान, धांसू फर्स्ट लुक संग आया धमाकेदार टीजर



फिल्म केजीएफ और कांतारा के मेकर्स होम्बले फिल्म्स ने अपने फैंस के लिए अपनी नई फिल्म से एक टीजिंग पोस्टर शेयर कर फैंस को बेताब कर दिया था. होम्बले फिल्म्स की यह अगली फिल्म कौनसी है और इसका लीड एक्टर कौन हैं, यह सोच-सोच कर लोग परेशान हो गए थे. वहीं, होम्बले फिल्म्स ने अपने वादे के मुताबिक अपने प्रोजेक्ट से पर्दा हटा दिया है. इस फिल्म का नाम महावतार नरसिंहम है, जिसका फर्स्ट लुक शेयर कर दिया गया है.

होम्बले फिल्म्स ने फिल्म महावतार नरसिंहम का फर्स्ट लुक शेयर कर लिखा है, अंधेरे और अराजकता से बिखरी हुई दुनिया में... पौराणिक कथा, आधे मनुष्य, आधे शेर अवतार-भगवान विष्णु के सबसे शक्तिशाली अवतार की उपस्थिति का गवाह बनें, अच्छाई और बुराई के बीच लड़ाई की कहानी का अनुभव करें।

## पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक सब्जी है केला

केल एक पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक सब्जी है, जिसे आमतौर पर सलाद में इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि केल से कई स्वादिष्ट भारतीय व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं?यहां हम आपको कुछ ऐसे अनोखे और लाजवाब केल से बनाए जाने वाले व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप अपने घर पर आसानी से बना सकते हैं।इन व्यंजनों को बनाना आसान है और ये आपके खाने में भिन्नता भी ला सकते हैं।

**केल के पकोड़े-** केल के पकोड़े एक बेहतरीन स्नैक है, जो चाय के साथ अच्छे लगते हैं।इसे बनाने के लिए सबसे पहले केल की पत्तियों को धोकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काटें, फिर बेसन, नमक, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी और अजवाइन मिलाकर घोल तैयार करें। इस घोल में कटे हुए केल डालें और अच्छी तरह मिलाएं।अब गर्म तेल में इस मिश्रण को छोटे-छोटे भागों में डालकर सुनहरा होने तक तलें, फिर गर्मागर्म पकोड़े हरी चटनी के साथ परोसें।

**केल का परांठा-** केल का परांठा एक पौष्टिक और स्वादिष्ट नाश्ता है, जिसे आप सुबह या शाम किसी भी समय खा सकते हैं।इसे बनाने के लिए गेहूं का आटा लें और उसमें बारीक कटी हुई केल की पत्तियां, नमक, जीरा पाउडर, धनिया पाउडर और थोड़ा-सा तेल मिलाकर आटा गूंध लें।अब इस आटे की छोटी-छोटी लोइयां बनाकर बेल लें और तवे पर दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंक लें, फिर गर्मागर्म परांठे को दही या अचार के साथ परोसें।


**केल की सब्जी-** केल की सब्जी बनाने के लिए सबसे पहले प्याज, टमाटर, अदरक-लेहसुन का पेस्ट भूनें, फिर इसमें हल्दी, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर डालकर मसाला तैयार करें।अब इसमें बारीक कटी हुई केल की पत्तियां डालें और थोड़ी देर पकने दें।इसके बाद इसमें पानी डालकर धीमी आंच पर पकाएं जब तक कि केल नरम न हो जाएं, फिर इसमें गरम मसाला मिलाकर इसे रोटी या चावल के साथ परोसें।

**केल का रायता-** अगर आप कुछ ठंडा और ताजगी भरा खाना चाहते हैं तो केल का रायता ट्राई कर सकते हैं।इसे बनाने के लिए सबसे पहले दही को अच्छे से फेंट लें, फिर उसमें बारीक कटी हुई केल की पत्तियां, भुना हुआ जीरा, नमक और थोड़ी-सी हरी मिर्च डालें। अब इस मिश्रण को अच्छे से मिला लें।आपका केल का रायता तैयार है। इसे खाने में बहुत ही स्वादिष्ट है।

## शब्द सामर्थ्य- 239

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 238 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

## सू-दोकू- 239

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.238 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |